बिहार विधान परिषद् कार्य सूची

संख्या-6 | 191वां सत्र

सोमवर, दिनांक 18 फरवरी, 2019
12.00 बजे मध्याह्न

प्रश्नोत्तर

1. अल्पसूचित प्रश्न
2. तारांकित प्रश्न

औपचारिक कार्य

3. सचिव, विधेयक संबंधी संदेश, यदि कोई हो, पढ़ेंगे।
4. सचिव, विधान सभा से स्वीकृत विधेयक, यदि कोई हो, मेज पर रखेंगे।
5. प्रभारी मंत्री, बिहार विधान परिषद् के 157वें, 170वें, 173वें, 179वें एवं 185वें सत्र से लंबित प्रश्नोत्तरों की सूची की एक-एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।

परिनियत कार्य

6. प्रभारी मंत्री, न्यायमूर्ति उदय सिन्हा, न्यायायिक जाँच आयोग से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन पर विभाग द्वारा कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन की प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।
7. प्रभारी मंत्री, वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में तृतीय तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय के रूझान की प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।

ध्यानाकर्षण

8. श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा, पटना के महात्मा गाँधी सेतु पर सुपरस्ट्रक्चर के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

9. श्री आदित्य नारायण पाण्डेय, बिहार के किसानों का स-समय धान क्रय करने एवं उसका समुचित भुगतान करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

10. श्री सोनेलाल मेहता, राज्य में पूर्व से निर्मित पंचायत भवनों में ही आर०टी०पी०एस० काउन्टर खोलने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

11. डा० संजीव कुमार सिंह, सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड अन्तर्गत थरबिट्टा से पीरगंज होते हुए दिघिया तक क्षतिग्रस्त पथ की मरम्मती के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

12. श्री मनोज यादव, बांका जिला में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा घटिया सामग्रियों के उपयोग से सड़क निर्माण कराये जाने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

13. श्री सी०पी०सिन्हा, किसान आयोग के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के मार्च, 2016 के बकाये वेतन भुगतान के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

<u>ध्यानाकर्षण पर सरकार का वक्तव्य</u>

14. सर्वश्री हरिनारायण चौधरी, दिलीप कुमार जायसवाल, दिलीप कुमार चौधरी एवं मो० कमर आलम के नगर परिषद्, सासाराम के नगर कार्यपालक पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने से संबंधित ध्यानाकर्षण पर सरकार का वक्तव्य

<u>राजकीय संकल्प</u>

15. श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि "यह परिषद् संकल्प लेती है कि वर्ष 2021 की जनगणना जातीय आधार पर किये जाने हेतु केन्द्र सरकार से सिफारिश करे"।

16. श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि "यह परिषद् संकल्प लेती है कि बिश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू की गई बिभागवार रोस्टर प्रणाली को समाप्त करते हुए पूर्ववत् विश्वविद्यालय स्तरीय रोस्टर के आधार पर नियुक्ति करने हेतु केन्द्र सरकार से सिफारिश करे"।

17. अन्य नितान्त आवश्यक कार्य, यदि कोई हो।

15.2.19
(विनोद कुमार)
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.-02/2019 – **292** (3) वि.प. दिनांक - 15.02.2019

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय मंत्रीगण/माननीय मुख्यमंत्री के आवास/मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में)/महामहिम राज्यपाल, बिहार के सचिव/माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवास एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म/लोकायुक्त, बिहार/महाधिवक्ता, बिहार/बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव/लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली/पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार/अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा, पटना एवं श्री सैयद सआदत नजीर, सहायक प्रोग्रामर, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/02/19

(ज्ञान प्रकाश)
अवर सचिव
बिहार विधान परिषद्